दैनिक नवज्योति

Anchal - 10 Jan 2022 - Page 7

जीवन में प्राथमिकताएं निर्धारित करना ही समय प्रबंधन : डॉ. नवनीत

नवज्योति/पीपाड़ सिटी।

जीवन में सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य प्राथमिकताएं निर्धारित करना है। प्राथमिकताएं निर्धारित करके हम अपना समय प्रबंधन कर सकते हैं और स्वयं को व्यवस्थित कर सकते हैं। राजकीय कन्या महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के समापन कार्यक्रम में अपने अध्यक्षीय उद्बोधन के दौरान महाविद्यालय के सहायक आचार्य डॉ. नवनीत ने यह बात कही। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति समय व्यतीत करता है, समय उसे व्यतीत कर देता है। सामान्यतः हम दिन का अस्सी प्रतिशत समय अनावश्यक कार्यों में व्यतीत करते हैं और बीस प्रतिशत समय ही उपयोगी और आवश्यक कार्यों में लगाते हैं। समय प्रबंधन के लिए व्यक्ति को अपने कार्यों को आवश्यकता और महत्ता के अनुसार विभाजित करना चाहिए। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साहित्यकार डॉ. राजपाल सिंह शेखावत ने कहा कि एनएसएस का विशेष शिविर हमें समूह में कार्य करने की प्रेरणा देता है। सामूहिक आयोजनों के सफल संचालन का गुण हम यहीं से सीखते हैं। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. नीना जैन ने कोविड-19 गाइडलाइन की पालना में शिविर के सफल आयोजन के लिए सभी स्वयंसेविकाओं, कार्यक्रम अधिकारी और महाविद्यालय कार्मिकों का आभार प्रकट किया। इस दौरान एनएसएस स्वयंसेविकाओं द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी गईं। एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी किरण चौधरी ने कहा कि समाज सेवा द्वारा ही राष्ट्र निर्माण संभव है। उन्होंने शिविर के दौरान आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के परिणाम घोषित किए। रंगोली प्रतियोगिता, समूह गान प्रतियोगिता, पोस्टर प्रतियोगिता तथा वेस्ट से बेस्ट प्रतियोगिता में मैरीकॉम ग्रुप प्रथम, नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में अवनी लेखरा ग्रुप प्रथम एवं डस्टबिन बनाओ प्रतियोगिता में स्मृति मंधाना ग्रुप प्रथम स्थान पर रहा। सामूहिक गतिविधियों के आधार पर मेरीकॉम ग्रुप को बेस्ट ग्रुप घोषित किया गया। इस वर्ष की सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका बीएससी पार्ट तृतीय की छात्रा पिस्ता रही। इस अवसर पर ललित सोनेल एवं जितेंद्र परिहार भी उपस्थित रहे।

Jagdish Saran

Digitally signed by Jagdish Saran
DN: cn=Jagdish Saran, o=College Education Department, email=jsbishnoi77@gmail.com, c=IN
Date: 2024.05.05 17:34:28 +05'30'